प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

दीक्षांत समारोह

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति सतप्रकाश बंसल ने बताया कि राज्यपाल कविंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोग भी समारोह में भाग लेंगे। इस दौरान 12 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 5 सौ 24 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। श्री राधाकृष्णन धर्मशाला स्थित युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।

संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि सभी रिफाईनरियां शत–प्रतिशत क्षमता से काम कर रही है और रिफाइनरियों में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने कहा कि घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के हो रही है।

भारत में पेट्रोल और डीजल का आयात करने की आवश्यकता नहीं है। हमारी सारी रिफाइनरी हंडरेड प्रसेंट की कैपेसिटी और उससे अधिक पर चल रही है। रिफाइनरीस के पास ऐडीक्वेट इंवेंटरी क्रूट की और इसके अलावा सप्लाईजर ऑलसो मेंटेंड और इस स्थिति में पैनिक की कोई आवश्यकता नहीं है।

मुख्य सचिव

इधर प्रदेश के मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश में पैट्रोल डीजल व एल.पी.जी. की पर्याप्त मात्रा है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने शिमला में बताया कि प्रदेश में रसोई गैस और व्यवसायिक सिलेंडरों की भी कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार ने इसके लिए नागरिक आपूर्ति के तहत स्टॉक जारी किया है। मुख्य सचिव ने बताया कि एल.पी.जी. की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया है।

एलपीजी–चंबा

उधर चंबा के उपायुक्त उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि चम्बा में घरेलू रसोई गैस, पेट्रोल व डीज़ल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और नियमानुसार इन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उपभोक्ताओं को की जा रही है। उन्होंने लोगों से इस सम्बन्ध में भ्रामक प्रचार से बचने की अपील की है।

इस समय किसी भी प्रकार पैनिक या होर्डिंग करने की आवश्यकता नहीं है। आप निश्चिंत रहे। हमारे पास सप्लाई सफिशैंट है और रैगुलरली जो हमारा स्टॉक है वो भी रिफिल जो हमारी पैट्रोलियम कंम्पनीज है उनक माध्यम से हो रहा है। आगे भी वी आर शेओर की रैगुलर सप्लाई लोगों तक पहुंचती रहेगी। इसको ऑनली डिफरैंसिस को आपका 21 दिन से अब 25 दिन की समय सीमा बढ़ा दी गई है जोकि बहुत बड़ा डिफरैंस नहीं है। परंतु प्रिपेअरडनैस भी आवश्यक है। अगर अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति लम्बे समय तक चलती है तो उसी के अन्तर्गत ये दिशा निर्देश दिए गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में हिमाचल ने शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए सिक्किम के बाद देश के दूसरे खुले में शौच मुक्त राज्य के रूप में जगह बनाई है। मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 1 लाख 96 हज़ार से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालय बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 90 प्रतिशत आबादी के साथ राज्य ने ग्रामीण स्वच्छता में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है और वर्ष 2016 में खुले में शौच मुक्त राज्य बना। राज्य के 78 प्रतिशत गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था है जबकि 86 प्रतिशत गांवों में ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के ऊना जिले में भी मिशन के तहत बेहतरीन कार्य किया गया है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाददता....

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चालू वित्त वर्ष के लिए ऊना ज़िला में 2 करोड़ 83 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इस राशि से 933 व्यक्तिगत और 22 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है, जबकि 14 कचरा पृथक्करण शेड भी बनाए गए हैं। मिशन द्वारा जिले के चार विकास खंडों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयां भी स्थापित की गई है, जो चालू स्थिति में हैं । इसके अलावा, पंचायती राज संस्थाओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र में घर–घर से ठोस कचरा उठाकर इसके प्रबंधन की व्यवस्था की गई है, जबकि घरों से निकले गंदे पानी के लिए पक्की नालियां और सोक पिटों का निर्माण भी किया गया है। शिक्षण संस्थानों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और अन्य स्थानीय संस्थाओं द्वारा स्वचता जागरूकता अभियान भी समय समय पर आयोजित हो रहे हैं।

लोक अदालत

प्रदेश उच्च न्यायालय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्तवाधान में आज राज्य के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अभी तक लगभग 82 हजार मामलों की पहचान की गई है। इस दौरान ट्रैफिक मैजिस्ट्रेट के न्यायालयों में एम.वी. चालान मामलों में ई–कोर्ट डिजिटल के माध्यम से कंपाउंडिंग शुल्क के भुगतान की ऑनलाईन सुविधा प्रदान की गई है।

हरियाणा–राज्यसभा

हरियाणा में राज्यसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। क्रॉस वोटिंग और जोड़–तोड़ की आशंका के बीच हरियाणा कांग्रेस ने अपने 31 विधायकों को शिमला भेज दिया है। ये सभी विधायक शिमला के समीप कुफरी में एक निजी होटल में ठहरे हुए हैं। प्रदेश सरकार ने विधायकों की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए हैं और होटल के बाहर पुलिस का पहरा लगाया गया है। हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान 16 मार्च को होगा और तब तक कांग्रेस विधायकों के शिमला में ही ठहरने की सूचना है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।